an>

Title: Need to develop Garhmukteshwar, Uttar Pradesh, into a tourist spot.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा में गढ़मुक्तेश्वर एक प्राचीन धार्मिक नगरी है जहाँ गंगा स्नान का अपना अलग महत्व है जिसका उल्लेख शिव पुराण में भी मिलता है। वर्ष भर खासतौर पर प्रत्येक माह की पूर्णमासी को यहाँ हजारों श्रृद्धालु आकर गंगा स्नान का पुण्य अर्जित करते हैं। यहां प्रतिवर्ष कार्तिक गंगा स्थान तथा ज्येष्ठ मास में गंगा दशहरा का मेला लगता है जिसमें देश के अनेक राज्यों से बड़ी संख्या में श्रृद्धालु पहुंचते हैं।

पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दो प्रमुख गंगा नगरी हरिद्वार व गढ़ गंगा थी परंतु हरिद्वार के उत्तराखण्ड राज्य में जाने के बाद गढ़ गंगा ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एकमात्र गंगा नगरी है जो न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश अपितु दिल्ली तथा हरियाणा के लोगों के लिए धार्मिक आस्था का केन्द्र है परंतु यहाँ के घाटों की स्थिति अच्छी न होने के कारण प्रति वर्ष अनेक लोग स्नान के समय डूब जाते हैं।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गंगा संरक्षण के लिए अलग मंत्रालय बनाया है तथा गंगा पर्यटन बढ़ाने पर बल दिया है। माननीय वित्त मंत्री जी ने भी केन्द्रीय बजट में गंगा की सफाई व संरक्षण के लिए " नमामि गंगा " परियोजना के लिए 2037 करोड़ की धनराशि का प्रावधान रखा है।

मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि गढ़मुक्तेश्वर (उत्तर प्रदेश) को एक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित किया जाए तथा गढ़ गंगा के महत्व को देखते हुए हरिद्वार की तर्ज पर यहाँ पक्के स्थान घाटों का निर्माण व सौन्दर्यीकरण कराया जाए ताकि यहाँ आने वाले श्रृद्धालुओं व पर्यटकों को सुविधानुसार गंगा स्नान का लाभ अर्जित हो सकें।